नवोदय

ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

पंजाब एण्ड सिंध बैंक की तिमाही गृह पत्रिका दिसंबर 2023

Navodaya

Punjab & Sind Bank Quarterly House Journal | December 2023

Our Worthy MD & CEO Sh. Swarup Kumar Saha addressing inaugural session of " National Finance Conference on Sustainable Finance for a Resilient Future" organized by Lal Bahadur Shastri Institute of Management, Dwarka, New Delhi.

नवोदय Navodaya

पंजाब एण्ड सिंध बैंक की तिमाही गृह पत्रिका | दिसंबर 2023

Punjab & Sind Bank Quarterly House Journal | December 2023

(केवल आंतरिक वितरण हेतु)

प्रधान कार्यालय, बैंक हाउस, 21 राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008

Head Office, Bank House, 21, Rajendra Place, New Delhi - 110008

editor.navodaya@psb.co.in | 011-25763539

मुख्य संरक्षक / Chief Custodian

श्री स्वरूप कुमार साहा

Shri Swarup Kumar Saha

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी / MD & CEO

संरक्षक / Custodian

डॉ. रामजस यादव

Dr. Ram Jass Yadav

कार्यकारी निदेशक / Executive Director

श्री रवि मेहरा

Shri Ravi Mehra

कार्यकारी निदेशक / Executive Director

मुख्य संपादक / Chief Editor

श्री गजराज देवी सिंह ठाकुर

Shri Gajraj Devi Singh Thakur

महाप्रबंधक / General Manager

संपादक मंडल / Editorial Board

श्री राजेश सी पांडे

Shri Rajesh C Pandey

महाप्रबंधक / General Manager

श्री निखिल शर्मा

Shri Nikhil Sharma

मुख्य प्रबंधक (संपादक) / Chief Manager (Editor)

श्रीमती भारती

Smt. Bharati

प्रबंधक (सह–संपादक) / Co-Editor

पंजाब एण्ड सिंध बैंक गृह पत्रिका में प्रकाशित सामग्री में दिए गए विचार, संबंधित लेखक के अपने हैं। पंजाब एण्ड सिंध बैंक का प्रकाशित विचारों से सहमत होना जरूरी नहीं है। सामग्री की मौलिकता एवं कॉपी राइट अधिकारों के प्रति भी लेखक स्वयं उत्तरदायी है।

मुद्रक : इनफिनिटी एडवर्टाइजिंग सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, एफबीडी वन कॉर्पोरेट पार्क, 10वीं मंजिल, नई दिल्ली फरीदाबाद बॉर्डर, एनएच–1, फरीदाबाद–121003

विषय सूची/INDEX

क्र. सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1	संपादक मंडल / विषय–सूची	1
2	शुभकामनाएं एवं सुझाव	2
3	संपादकीय	3
4	Guidelines Issued By RBI	4 - 5
5	अंचल कार्यालयों जयपुर के अधीन शाखा नाथद्वारा का शुभारंभ	6
6	कारोबार में मूल्य और आचार	7-10
7	दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही हेतु बैंक के वित्तीय परिणाम	11
8	दिनांक 31.12.2023 तक अंचल कार्यालयों का कार्य प्रदर्शन	12-13
8	Destination Training	14
9	Distribution of cheque for Accidental Death Claim	15
10	Live in Peace….and not in Pieces	16-17
11	बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन	18
12	भ्रष्टाचार से मना करें, राष्ट्र के लिए समर्पित रहें	19-21
13	अंचल कार्यालयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियां	22-23
14	Important Circulars Issued by Bank	24-25
15	Branch Incharges Review Meeting: Noida Zone	26
16	Branch Incharges Review Meeting: Vijaywada Zone	27
17	Risk & Dangers Of Using Artificial Intelligence	28-30
18	बैंक की शाखाओं के नए परिसर का शुभारंभ	31
19	नागरिक के जीवन में सतर्कता की भूमिका	32-34
20	V-CIP (Video Customer Identification Process) and its Advantage in Banks	35-37
21	व्यवसाय में लाभप्रदता और मूल्य प्रणाली	38-42
22	अविस्मरणीय घटना	43-44

शुभकामनाएं एवं सुझाव/Letter to the Editor

आप द्वारा प्रेषित बैंक की त्रैमासिक गृह पत्रिका नवोदय का सितंबर 2023 अंक प्राप्त हुआ। हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पत्रिका के सारगर्भित संकलन, कुशल संपादन, गुणवत्ता संपन्न प्रकाशन के लिए संपादक मण्डल अभिनन्दनीय है। पत्रिका में बैंक की विभिन्न योजनाएं, गतिविधियां, वित्तीय–बैंकिंग आलेखों के साथ यह अंक रुचिकर, ज्ञानवर्धक और लोकोपयोगी है।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नवोदय पत्रिका अँकुरित होकर भारत के बैंक समुदाय में एक सशक्त हस्ताक्षर के रूप में जुड़ रहा है। वित्तीय नीतियों को सुगमता के साथ लिपिबद्ध कर प्रकाशित किया गया है। हमें लगता है कि वर्तमान को भविष्य की ओर बढ़ाने के लिए बैंक को अपने बुनियादी दिनों का आलेखन प्रकाशित करना चाहिए। यदि ऐसा हो सका तो समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के आर्थिक उत्थान द्वारा उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने हेतु सामाजिक वचनबद्धता के सिद्धांतों की प्रदक्षिणा प्रत्येक अंक कर सकेगा। यही बैंक का इतिहास लेखन होगा सदियाँ जहाँ विश्राम करेंगी। आप सभी का प्रयास अद्‌भुत है। परस्पर सामंजस्य इस पत्रिका के प्रत्येक पृष्ठ पर अंकित है। संपादक मण्डल को साधुवाद काशी के गङ्गा तट से।

यतीन्द्र नाथ चतुर्वेदी
संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति,
केंद्रीय वित्त मंत्रालय (राजस्व) भारत सरकार

आपकी इस पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख मुख्य रूप से डिजिटल ऋणः चुनौतिया एवं संभावनाएं, डिजिटल बैंकिंग में भाषा का योगदान एवं अन्य रचनाएं पठनीय एवं ज्ञानवर्धक हैं, इनमें बैंक की गतिविधियों एवं अन्य खबरों का व्यवस्थित रूप से समावेश किया गया है। इसके प्रकाशन से जुड़ी टीम का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

उमानाथ मिश्र
मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), बैंक ऑफ बड़ौदा

हमारी "नवोदय" पत्रिका अंक दर अंक तकनीकी व विभिन्न रुचिकर विषयवार लेख सामग्री और छायाचित्रों के बेहतर संकलन से सुसज्जित होती जा रही है। पत्रिका के विभिन्न विषयों पर चयनित लेख ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान करते हैं चाहे वह बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित हो या सांस्कृतिक सभी प्रशंसनीय हैं। पत्रिका को पढ़ते समय अपने बैंक के व्यापार संबंधी लेख के साथ–साथ हास्य व्यंग्य जैसे–कार्टून कोना इस पत्रिका के पाठकगणों को हंसाता है जोकि पत्रिका को रोचक बनाता है। कुछेक शीर्षक पर चयनित लेख जैसे–तकनीकी युग में बैंक का कृषि क्षेत्र में योगदान, डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम, 75वें स्वतंत्रता दिवस, स्वच्छता पखवाड़ा और मेरी माटी मेरा देश पर आयोजित कार्यक्रम व लेख विशेष रूप से सराहनीय है।

इसके लिए प्रधान कार्यालय की संपादक मण्डल टीम के प्रत्येक सदस्य बधाई के पात्र है। मेरी तरफ से संपादक मण्डल की टीम को मंगलकामनाएं। मैं, नवोदय "पत्रिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

विनय खंडेलवाल
आंचलिक प्रबंधक, लखनऊ

संपादकीय

प्रिय साथियो,

नवीन वर्ष में नवीन पथ वरो,
नवीन वर्ष में नवीन प्रण करो,
नवीन वर्ष में नवीन रस भरो,
धरो नवीन देश– विश्व धारणा।

नवीन वर्ष में नवीन चेतना और उत्साह का आह्वान करते हुए, आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। वर्ष नवीन है, तो हम सभी में कार्य करने की ऊर्जा भी नवीन होनी चाहिए। हमें थक कर बैठना नहीं, बल्कि बैंक के व्यापार में अथाह वृद्धि करनी है, यही हमारा परम उद्देश्य होना चाहिए। बैंक द्वारा उठाए गए विभिन्न नवोन्मेषी कदमों तथा आप सभी के सतत प्रयासों से आज के कठिन आर्थिक दौर में भी हमारे बैंक ने कई उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। हम अपने छोटे–छोटे प्रयासों से सफलता प्राप्त कर सकते हैं तथा आप सभी के इन्हीं सम्मिलित प्रयासों से ही बैंक लाभप्रदता की ओर आगे बढ़ पाएगा। इस प्रतिस्पर्धी बाजार व्यवस्था में हमें निरंतर संघर्ष करते हुए उन्नति की ओर कदम बढ़ाते रहना है। मुझे आशा है कि भविष्य में भी हम सभी सकारात्मक उर्जा के साथ कार्य करते हुए नये लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे।

गृह पत्रिका नवोदय अपने विचारों और अनुभवों को दूसरों तक जोड़ने का एक साझा प्रयास है। इसी उद्देश्य से पत्रिका में अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रोचक लेख एवं कार्टून को भी समाहित किया जाता है। इसके अतिरिक्त गृह पत्रिका नवोदय के इस अंक में मुख्य रूप से बैंक में आयोजित विभिन्न गतिविधियों, बैंक के विभिन्न उत्पादों, नीतियों, महत्वपूर्ण परिपत्रों सहित Live in Peace…and not in Pieces, Risk & dangers of using artificial intelligence, कारोबार में मूल्य और आचार, भ्रष्टाचार मुक्त भारत में सतर्कता की भूमिका आदि लेख भी समाहित किए गए हैं, जो हमारी जानकारी को पोषित करते हैं। इसलिए आप सभी अपने विचारों को पत्रिका के माध्यम से साझा करते रहें।

मुझे विश्वास है कि आप इसे उपयोगी और सूचनाप्रद पाएंगे। बैंकिंग के विविध पहुलओं को समेटे यह पत्रिका आपको कैसी लगी, इसके अनवरत सुधार की दिशा में आपकी प्रतिक्रिया एवं सुझावों का हमें सदैव इंतजार रहेगा।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित!

(गजराज देवी सिंह ठाकुर)
महाप्रबंधक एवं मुख्य संपादक

GUIDELINES ISSUED BY RESERVE BANK OF INDIA TO BE EFFECTIVE FROM FY 2024-25

Vineet Yadav

Reserve Bank of India, the apex body of Indian Banking, has issued certain guidelines which shall become effective mandatorily from FY 2024-25. The details of the same are as mentioned below:

- "Fair Lending Practice - Penal Charges in Loan Accounts" vide circular dated 18.08.2023
- "Strengthening of customer service rendered by Credit Information Companies and Credit Institutions" and "Framework for Compensation to customers for delayed updation/rectification of credit information" vide circulars dated 26.10.2023.

The gist of guidelines issued by RBI are detailed hereunder:

Penal Charges:

- Penalty, if charged, for non-compliance of material terms and conditions of loan contract by the borrower shall be treated as 'penal charges' and shall not be levied in the form of 'penal interest' that is added to the rate of interest charged on the advances.
- There shall be no compounding on penal charges, i.e., no further interest computed on such charges.
- The quantum of penal charges shall be reasonable and commensurate with the non-compliance of material terms and conditions of loan contract without being discriminatory within a particular loan / product category.
- Penal charges levied to individuals should not be more than non-individuals for similar defaults.
- The quantum and reason for penal charges shall be clearly disclosed to the customers in the loan agreement and Sanction Letter/Key Fact Statement (KFS), as applicable.
- Reminder shall be sent to the borrower on date of default (financial/non-financial) communicating nature/reasons of default and applicable penal charges.
- Further, whenever, the penal charges are levied in the account, communication shall be sent to the borrower mentioning the amount and reason for the penal charges levied in the account on the same day itself.
- Penal charges shall be applicable on all credit facilities irrespective of nature, type etc.

Crux: Penalty imposed for any material default (financial or non-financial) should not be used as a revenue enhancement tool by the lenders.

Guidelines w.r.t. rectification/updation of information with Credit Information Companies (CICs):

- Bank shall have a dedicated nodal point/ official of contact for CICs for redress of customer grievances.
- Bank shall undertake Root Cause Analysis (RCA) of the customer grievances at least on a half yearly basis.
- Bank shall inform the customers the reasons for the rejection of their request for data correction.
- Branches to take consent from the customer invariably for accessing their respective Credit report.
- SMS/Email shall be sent to the customers while submitting information to CICs regarding default/ Days Past Due (DPD) in existing credit facilities, wherever the mobile number/ email ID details are available. Branches to guide the customers for submission of their mobile numbers/ email ids.
- The Bank shall forward the corrected particulars of the credit information to the CIC or complainant within a specific period (details of which shall be shared shortly) from the date when the Bank was informed of the inaccuracy in the credit information. Complaint to be redressed completely and information along with fresh credit report to be sent to the complainant within 30 calendar days of receipt of complaint.
- Delay, at any level may lead for a compensation of ₹100 per calendar day in case their complaint is not resolved within a period of thirty (30) calendar days from the date of the initial filing of the complaint by the complainant with Bank/ CICs.

- Bank shall pay compensation to the complainant if it has failed to send updated credit information to the CICs by making an appropriate correction or addition or otherwise within twenty-one (21) calendar days of being informed by the complainant or a CIC.
- The compensation amount, if any, shall be credited to the bank account of the complainant within 05 working days of resolution of the complaint.
- In case the request has been rejected, complainant shall be informed the reasons(s) for rejection of the same through E-Mail ID or letter on postal address.
- The complainant can approach RBI Ombudsman, under the Reserve Bank - Integrated Ombudsman Scheme, 2021, in case of wrongful denial of compensation by CIs or CICs.

Crux: Strengthening of dispute redressal mechanism and improvement in Data Quality Index submitted to CICs.

Manager
H.O Credit Monitoring Deptt.

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान प्रधान कार्यालय सतर्कता विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन।

श्री विश्वजीत सिंह, परामर्शदाता (केंद्रीय सतर्कता आयोग) तथा श्री स्वरूप कुमार साहा (एमडी एवं सीईओ) सहित बैंक के अन्य उच्चाधिकारीगण स्टाफ प्रशिक्षण कॉलेज, रोहिणी में कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए।

अंचल कार्यालय जयपुर के अधीन शाखा नाथद्वारा का शुभारंभ

श्री स्वरूप कुमार साहा (एमडी एवं सीईओ) शाखा का उद्घाटन करते हुए।

शाखा में अरदास एवं पाठ का आयोजन तथा श्री स्वरूप कुमार साहा (एमडी एवं सीईओ) द्वारा ग्राहकों को संबोधित किया गया।

कारोबार में मूल्य और आचार

मूल्य और आचारः ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

अरबिंद कुमार

उत्पत्तिः मूल्य (value) शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा के valore शब्द से हुई है मूल्य चार प्रकार के होते है धर्म, अर्थ, मोक्ष और काम। नीतिशास्त्र के लिए अंग्रेजी में एथिक्स शब्द का प्रयोग होता है। आचार, प्राचीन हिन्दू विधि (धर्म) की एक महत्वपूर्ण संकल्पना है जो किसी समुदाय या सामाजिक समूह की प्रथाओं को इंगित करता है। इसे सदाचार भी कहते हैं।

परिभाषाः— ये मूल्य ऐसे आदर्श या मानक होते हैं जो किसी समाज या संगठन या फिर व्यक्ति के लिये दिशा—निर्देश के रूप में कार्य करते हैं।

विशेषताएँः— मूल्य, व्यक्ति के व्यवहार या नैतिक आचार संहिता का महत्त्वपूर्ण घटक हैं। मूल्य की व्याख्या विभिन्न क्षेत्रों में अपने—अपने अनुसार होती है। मूल्यों का अर्थ सबसे गहरे आदर्शों से होता है। वस्तुतः अर्थव्यवस्था में जिसकी जितनी मांग है उसका उतना मूल्य है, नीतिशास्त्र में जो अनुचित है। वह मूल्यहीन है और सौन्दर्यशास्त्र में जो सुन्दर है वह मूल्यवान है। उदाहरणस्वरूप शांति, न्याय, सहिष्णुता, आनंद, ईमानदारी, समयबद्धता, अनुशासन, बड़ों का सम्मान करना आदि प्रसिद्ध मूल्य है। मूल्य सामाजिक जीवन को संभव व श्रेष्ठ बनाने के लिये आवश्यक हैं। विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से विकसित ये मूल्य हमारे मन में गहराई तक बैठे होते हैं। मूल्य व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करते हैं तथा नागरिकों का चरित्र राष्ट्र के चरित्र का निर्माण करता है।

मूल्य निर्माण में परिवारः— मूल्यों के निर्माण में परिवार पहली सीढ़ी होती है जिस पर चढ़कर मानवीयता के लक्ष्य को प्राप्त करना आसान होता है। परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है। यह वह संस्था है जहाँ से निकलकर मानव नागरिक बनता है तथा समाज का निर्माण करता है। ध्यातव्य है कि कई समाज मिलकर राष्ट्र का निर्माण करते हैं। नागरिकों के मूल्य, स्वभाव, विचार आचरण, व्यवहार से मिलकर राष्ट्र के चरित्र का निर्माण होता है। जन्म के समय बच्चा न तो नैतिक होता है और न ही अनैतिक। बच्चे की प्रथम पाठशाला माता—पिता एवं परिवार होता है। बच्चे का नैतिक व अनैतिक होना प्रथमतः परवरिश के तौर—तरीकों एवं पारिवारिक परिवेश पर निर्भर करता है।

परिवार कब, कैसे, कितना और किस प्रकार के मूल्यों को देना चाहता है। 6 वर्ष तक की आयु ऐसा पड़ाव होता है जब बालक दूसरों के आचरण से सबसे अधिक प्रभावित होता है। इसीलिये प्राथमिक स्तर पर मूल्य इसी उम्र में निर्धारित होते हैं अर्थात् बच्चे के प्राथमिक मूल्यों का विकास परिवार से ही होता है यथा अच्छे—बुरे, सही—गलत का ज्ञान, सामाजिक—रीतिरिवाज, परंपरा, धर्म, राष्ट्रीयता, दया, करुणा, अनुशासन आदि। व्यावहारिक एवं चारित्रिक मूल्यों का बोध परिवार से ही होता है। 6 वर्ष की आयु के बाद भी मूल्यों का विकास होता है, परंतु प्रभाव का स्तर धीरे—धीरे कम हो जाता है। प्रशिक्षण, प्रोत्साहन, निंदा व दंड कुछ ऐसे उपकरण हैं। जिनसे ये मूल्य विकसित किये जा सकते हैं। इसका भी प्रभाव पड़ता है कि परिवार एकल है या संयुक्त। ऐसा संभव है कि एकल परिवार से वैयक्तिक होने का मूल्य प्राप्त हो और संयुक्त परिवार से साथ रहने का।

मूल्य निर्माण में समाजः— समान आचार—विचार, व्यवहार, मान्यताओं, रीति—रिवाजों वाले लोग मिलकर समाज का निर्माण करते हैं।

व्यक्तियों के सामाजिक—साहचर्य वाले समूह को समाज कहा जा सकता है। परिवार के बाद व्यक्ति के मूल्य निर्माण में समाज की

महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। सामाजिक परिवेश में रहकर नैतिक मूल्यों में परिपक्वता आती है।

वैसे तो समाज की वास्तविक भूमिका विद्यालय जाने के साथ प्रारंभ होती है, परंतु उससे पूर्व 6 वर्ष तक समाज व परिवार मूल्य विकास में बराबर की भागीदारी निभाते हैं। आरंभ में मूल्यों का विकास कम होता है, किंतु ज्यों–ज्यों संपर्क बढ़ता है, मूल्यों का विकास भी उत्तरोत्तर होता जाता है।

चरित्र के बिना ज्ञानः– गांधी के चरित्र का आधार आत्म–संयम है। आत्म–संयम वही रख सकता है जो सदाचार के नियमों का पालन करता है जहाँ मनुष्य के हृदय में लोभ की प्रधानता नहीं रहेगी। वहाँ धन बिना कर्म को मंजूर नहीं होगा। गलत तरीके से कमाया हुआ धन चरित्र पर कलंक लगा देता है। सुंदर चरित्र व्यक्तित्व बिना ज्ञान भी कभी–कभी पाप की श्रेणी में आता है। (यंग इंडिया के 22 अक्टूबर 1925 के संस्करण में प्रकाशित लेख में गाँधी) निष्कर्षतः परिवार एवं समाज दोनों मूल्यों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस संबध मे विभिन्न विद्वानों के मत इस प्रकार हैः

हेनरी फोर्ड के अनुसार ऐसा कारोबार जोकि सिर्फ पैसे के अलावा कुछ और सृजन नहीं करता वह एक निम्न किस्म का कारोबार है।

माइकल जोसफसन के अनुसार कारोबारी आचार जैसी कोई चीज नहीं होती, बल्कि आचार केवल आचार और मूल्य होता है और कोई न तो वास्तव में और न ही काल्पनिक ऐसी कोई आवश्यकता होती है जिसमे गलत तरीके से लाभ प्राप्त किया जाए।

फ्रैंक सॉनेबेर्ग के अनुसार ''गैर आचारिक तरीके से व्यापार किये जाने से व्यापार की लागत में कहीं ज्यादा वृद्धि हो जाती है।''

रोबर्ट नोयसे के अनुसार "यदि कारोबार में उच्चतम स्तर पर आचरण कमजोर है तो वह आपके कारोबार की नीव हिला देगा"

कारोबार के दृढ़निश्चय निम्न हैः– सामाजिक परिस्थिति, आर्थिक परिस्थिति, सांस्कृतिक परिस्थिति, राजनीतिक परिस्थिति और संगठनात्मक आचार।

जिस प्रकार समाज में एक सम्मानित जीवन जीने के लिए हमें उच्च आदर्शो का पालन करता पड़ता है ठीक उसी प्रकार हमें कारोबार में भी एक स्थापित कारोबारी बनने के लिए कारोबार के लिए स्थापित उच्च आदर्शों का पालन करते हुए एक स्थापित कारोबार के क्षेत्र में अपने को स्थापित कर सकते है जीवन हमें फिर भी निजी संबन्धो की वजह से शायद एक बार मौका मिल सकता है लेकिन कारोबार में एक बार साख गिर गयी तो वापस आना बहुत बड़ी चुनौती होती है। इसीलिए हर कारोबारी अपने कारोबार की साख बनाये रखने की कोशिश करता है। बैंक भी इसीलिए हमेशा अपनी साख (reputation) को बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध रहते है। कारोबार में साख ही होती है जोकि किसी व्यापार को स्थानीय से वैश्विक बना देती है इसलिए जरूरी है कि जब हम कारोबार की बात करते है तो उसके सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक कारोबार में मूल्य और आचार भी है।

कारोबार में विजन और मिशनः–

एक मिशन वक्तव्य किसी संगठन के अस्तित्व के कारण की संक्षिप्त व्याख्या है और इसके उद्देश्य, इरादे और समग्र उद्देश्यों का वर्णन करता है। मिशन वक्तव्य दृष्टिकोण का समर्थन करता है। साथ ही कर्मचारियों, ग्राहकों, विक्रेताओं और अन्य हितधारकों को उद्देश्य और दिशा बताने का काम करता है। एक प्रभावी दृष्टिकोण टीम को प्रेरित करता है, उन्हें दिखाता है कि सफलता कैसी दिखेगी और महसूस होगी।

कारोबार में मिशन एक प्रकार से इसे हम कारोबार का कंपास या दिशासूचक यँत्र भी कह सकते है। इसके छः भाग होते है जिन्हे निम्न प्रकार समझा जा सकते है।

1. **दिशा निर्देश**
2. **फोकस या केंद्र बिंदु**
3. **अर्थ**
4. **नीति**
5. **चुनौतियाँ**
6. **जूनून**

मिशन के तत्वः– कारोबार में किसी भी मिशन के तत्व निम्न प्रकार है। ग्राहक, उत्पाद और सेवा, बाजार, तकनीकी, सार्वजनिक छवि और कर्मचारी उपर्युक्त तत्वों को ध्यानपूर्वक अनुपालन करने से हमारे मिशन की सफलता निश्चित है।

माइक्रोसॉफ्ट कम्पनी का मिशन निम्न हैः– "ग्रह पर प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक संगठन को और अधिक हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है।"

गूगल का मिशन वक्तव्य निम्न प्रकार है– हमारा मिशन दुनिया भर की जानकारी को व्यवस्थित करना और इसे सार्वभौमिक रूप से सुलभ और उपयोगी बनाना है। प्रसिद्ध खेल–कूद के सामान बनाने वाली कम्पनी नाइके का मिशन है। विश्व के प्रत्येक एथलीट के लिए प्रेरणा और नवीनता लाना । यदि आपके पास शरीर है, तो आप एक एथलीट है।

टाटा समूह का मिशन वक्तव्य– विश्वास के साथ नेतृत्व के आधार पर दीर्घकालिक हितधारक मूल्य निर्माण के माध्यम से

वैश्विक स्तर पर जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं, उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

कारोबार में विजन– किसी कंपनी का विजन वक्तव्य एक बयान है जो कंपनी की भविष्य की आकांक्षाओं और लक्ष्यों को रेखांकित करता है। यह लंबी अवधि की दिशा को परिभाषित करता है जिसे कंपनी लेना चाहती है और इसका प्रभाव अपने उद्योग, ग्राहकों और समाज पर डालना चाहता है। किसी भी व्यक्ति कारोबार या कंपनी के लिए विजन उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि एक छात्र के लिए कि उसे आगे जाकर करना क्या है या क्या बनना है उसे जीवन में क्या हासिल करना है।

विजन किसी कारोबार का आधार होता है उसकी आकांक्षाओं का स्वप्न होता है। विजन हमेशा सभी कम्पनी के हिस्सेदारों को चाहे वह प्रबंधन हो या अंशधारक या कर्मचारी हो सभी को प्रेरित करता रहता है कि उसे कारोबार को किस स्तर पर पहुंचना है और उसे यह बताता रहता है कि वह इस लक्ष्य को हासिल करने में उसका क्या योगदान हो सकता है और उसे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम के शब्दों में **''सपने वह नहीं होते जो हम सोकर देखते है सपने वह होते है जो आपको सोने नहीं देते है''** बिना विजन के कारोबार कभी भी अपना सर्वोत्तम नहीं दे सकता जैसे एक छात्र का अगर विजन स्पष्ट नहीं है, वह पास तो हो जाएगा लेकिन क्या वह किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफल हो पाएगा! जबाब है, नहीं। क्योंकि उसे अगर पता ही नहीं होगा की उसे क्या करना है तो वह रोडमैप ही नहीं बना पायेगा। ऐसे में वह पहुंचेगा भी कैसे? इसलिए अगर किसी कारोबार का विजन स्पष्ट नहीं होगा तो वह कभी भी ऊँचाई पर नहीं पहुँच पायेगा।

एक बात ध्यान देने योग्य है कि विजन आप उच्च मूल्यों के सहारे ही प्राप्त कर सकते है किसी प्रकार के मूल्यों से समझौते आपको आपके विजन से विचलित कर देंगे। **माइक्रोसॉफ्ट का विजन "दुनिया भर में लोगों और व्यवसायों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने में मदद करना"** है।

अगर हम गूगल के विजन वक्तव्य की बात करें तो ''दुनिया की सूचनाओं को संगठित कर रहे है'' मतलब है कि वह आपके लिए दुनिया भर कि सभी सूचनाओं को एक जगह एकत्रित कर दे रहे है।

टाटा समूह का विजन वक्तव्य– ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए सबसे विश्वसनीय वैश्विक नेटवर्क बनना, जो उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से मूल्य प्रदान करता है। हमारे सभी हितधारकों के लिए एक जिम्मेदार मूल्य निर्माता बनना।

कारोबार के मिशन और विजन में अंतरः– मिशन और विजन के बीच मुख्य अंतर, मिशन कंपनी की चल रही कार्रवाई है, जबकि विजन कंपनी के लिए भविष्य की योजना है। मिशन वांछित गंतव्य का रास्ता है।

आचार सम्मत कारोबारः– एक सामाजिक दायित्व

एक साधारण भाषा में कहा जाए तो कारोबार में मूल्य और अचार का अर्थ है कि लेनदेन को विनियमित करना। यहाँ पर लेनदेन का मतलब कारोबारी लेनदेन से है। यह आचार इसलिए बनाये गए है कि आम कारोबार को जोकि रोजाना की समस्याएं उत्पन्न होती है से बचा जा सके इसके अलावा जो कर्मचारी उस संगठन में काम करते है उन पर भी लागू होता है और उनके आचरण का प्रभाव भी उस संगठन के आचार को प्रभावित करता है आज हम उस कारोबारी दौर से गुजर रहे है जहां गलकाट प्रतिस्पर्धा है जोकि दुश्मनी को जन्म देती है। यह हमें कारोबार संचालन में भी दिखाई देती है।

बड़े व्यापारिक घराने अपने प्रभाव से छोटे व्यापारियों के व्यापार नगन्य कर देते है। वह उस पर अपना एकाधिकार स्थापित कर लेते है। अतः इन गंभीर परिस्थितियों में आवश्यक हो जाता है कि कुछ ऐसे नियम बनाये जाए जिससे कि इस तरह के गलत प्रभावों को रोका जा सके। कारोबारी आचार एक बृहद शब्द है जिसके उप विषय जोकि उस क्षेत्र से संबन्धित होते है उदाहरण के लिए मार्केटिंग के लिए मार्केटिंग नीति मानव संसाधन के लिए मानव संसाधन नीति इत्यादि।

व्यापारिक आचार की शुरुआतः– जब हम देखते है कि शुरुआत में लाभ सिर्फ कारोबार को सुचारू रूप से चलाने का साधन मात्र था। गैर आर्थिक मूल्यों का कोई विचार या ध्यान नहीं दिया जाता था चाहे वह लोगो के बारे में जो उसमे काम करते थे या उस समाज के बारे में जिसने उनके कारोबार को अपनी कीमत पर बढ़ने या पनपने दिया।

1980 और 1990 के दौर से हम देखते है कि शिक्षाविद और बुद्धिजीवी और कॉर्पोरेट ने इस विषय में सोचना शुरू किया। आजकल लगभग सभी संगठन समाज और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी दिखाते है और वे इसे अलग–अलग नाम देते है कुछ इसे सामाजिक जिम्मेदारी कुछ सोशल कॉर्पोरेट जिम्मेदारी तो कुछ सोशल जिम्मेदारी चार्टर का नाम देते है। उदाहरण के लिए मारुति सुजुकी ने बहुत से पार्को के अनुरक्षण की जिम्मेदारी उठाई है और उनमें हरियाली बनाये रखते है हिंदुस्तान यूनिलिवर ने भी ई–शक्ति नामक अभियान शुरू किया। जोकि ग्रामीण औरतों की भलाई के लिए काम करती है। वैश्विक स्तर पर भी कोर्पोरेट क्षेत्र परोपकारी कार्यो को प्रदर्शित करते है।

कोई कम्पनी जिन तरीकों से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करती है। उनमे से प्रमुख है.– लोकोपकारी कार्य (philanyhrophy)

स्वंयसेवा को बढ़ावा देना (promoting volunteering), नैतिक श्रम प्रथा (Ethical labour practices), पर्यावरण संरक्षण (environmental changes) तर्क संगत मूल्य निर्धारित करना (rational pricing)।

सामाजिक जिम्मेदारीयों के प्रकारः– ऐच्छिक या विवेकाधीन, समाजिक, आर्थिक और कानूनी कारोबार।

कंपनी की जिम्मेदारी शेयर धारक, उपभोक्ता, कर्मचारी और सरकार के प्रति होती है। माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स और बेर्कशीर हाथेवे के वारेन बफफेट अपने वैश्विक कल्याणकारी कार्यों के लिए प्रसिद्ध है। आई.बी.एम. पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दे रहा है।

ऐसा नहीं है कि व्यापार आचार के पहले कारोबार नहीं करते थे लेकिन अब सरकारे ऐसी नीति बनाती है कि कारोबारियों को ऐसा करना पड़ता है। आजकल कारोबार में सामाजिक जिम्मेदारी ने एक अहमियत हासिल कर ली है और इसे अनदेखा करना अब किसी कॉर्पोरेट के लिए लगभग असंभव है।

हालांकि आजकल एक तबका यह भी वकालत करता है, कि कॉर्पोरेट का काम अपने अंशधारकों के मुनाफे के लिए काम करना चाहिए, ना कि सामाजिक कार्यों के प्रति उत्तरदायित्व निभाना चाहिए। उसी तरह दूसरे पक्ष जोकि सामाजिक दायित्व निभाने की बात करता है का मानना है अंशधारकों की लाभप्रदता पर्यावरण संरक्षण और समाज के दूसरे वर्गों की खुशहाली की कीमत पर नहीं हो सकता है।

गाँधी प्रबंधन के सिद्धांतः–

अपरिग्रह एवं समभाव– गाँधी जी का मानना था कि यदि किसी व्यापारी के पास या प्रबंधन के पास संसाधन उपलब्ध है, वह सब समाज से ही ग्रहण गया है। अतः उनपर सबसे अधिक या पहला अधिकार समाज का ही है और प्रबंधक को उस संपत्ति का ट्रस्टी बनकर उसे प्रबंधन करना चाहिए और समाज के कल्याण के लिए ही कार्य करना चाहिए।

यंग इंडिया के 22 अक्टूबर 1925 के संस्करण में प्रकाशित लेख में गाँधी जी ने लिखा था कि समाज के सात महापाप है इनमें से एक है। नैतिकता के बिना व्यापार, व्यापार के लिए यह जरूरी है कि वह सदाचार पर आधारित हो। अन्यथा बेईमानी आधारित व्यापार भ्रष्टाचार की श्रेणी में माना जाएगा, जो एक प्रकार का सामाजिक पाप है। गांधी जी ने विश्व को व्यापार करते देखा था, व्यापार में अक्सर नैतिकता कुर्बान हो जाती है।

कारोबार में लाभप्रदता और मूल्य बोध–

कारोबार में लाभप्रदता– लाभप्रदता किसी संगठन के खर्चों के सापेक्ष उसके लाभ का माप है। जो संगठन अधिक कुशल हैं, उन्हें कम–कुशल संगठन की तुलना में अपने खर्चों के प्रतिशत के रूप में अधिक लाभ प्राप्त होगा, जिसे समान लाभ उत्पन्न करने के लिए अधिक खर्च करना होगा।

कारोबार में मूल्य बोध– यह वह विश्वास और सिद्धांतो का समूह होता है, जोकि कारोबार या कंपनी को दिशानिर्देशित करता है कि उसे कैसे संचालित किया जाए और उसके अंशधारकों एवं अन्य आवश्यक अंग जैसे कि उपभोक्ता और समाज और कर्मचारियों इत्यादि से किस तरह बर्ताव और व्यवहार किया जाए और ताकि उचित सामंजस्य बिठाया जा सके।

कारोबार में लाभप्रदता एक अहम पहलू है इस बात से न तो इंकार किया जा सकता है और न ही इसे हलके में लिया जा सकता है, लेकिन सवाल यह उठता है लाभप्रदता किस कीमत पर होनी चाहिए। इस लाभप्रदता के लिए क्या उन मूल्यों को अनदेखा करना उचित है जिनके बल पर यह कारोबार फल फूल रहा है अगर हम कहते है कि अंशधारकों के बल पर ही कारोबार चलता है तो हम गलत है क्योंकि कारोबार में सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से समाज और उपभोक्ताओं का स्थान प्रथम दृष्टया सबसे अधिक है, क्योंकि आप समाज से ही लाभ प्राप्त कर रहे है। तभी अंशधारक आप के कारोबार में रूचि ले रहे है जिस दिन समाज आप से दूर हो जाएगा, उस दिन अंशधारक भी स्वतः आप से दूर हो जाएंगे। इसलिए यह कारोबारी के लिए आवाश्यक हो जाता है कि वह उपभोक्ता एवं समाज के हितों को देखते हुए अपने लागत पर लाभप्रदता की एक सीमा रेखा खींचे, जिससे की लाभप्रदता और मूल्यों के बीच एक सामंजस्य बनाये रखा जा सके। इसलिए यह आवश्यक है कि कारोबार में सभी अंगों का सामंजस्य बना कर चला जाए चाहे, वह अंशधारक हो या उपभोक्ता हो या फिर समाज की जिम्मेदारी सबका उचित ख्याल रखा जाना चाहिए तभी कारोबार को ऊंचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है।

अतः जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में मूल्यों और आचार के बल पर अपनी साख बनाकर अपना एक अस्तित्व सिद्ध करता और जीवन मर्यादित ढंग से जीता है ठीक उसी प्रकार कारोबार में भी एक कारोबारी अपने व्यापार को उच्च व्यवसायिक मूल्यों और सिद्धांतों के बल पर ही अपने कारोबार को उच्च स्थान दिला सकता है क्योंकि जिस कारोबार को आपने वर्षों की तपस्या से खड़ा किया होता है। एक लापरवाही की वजह से वह ताश के पत्तों की तरह ढह जाता है। हमने देश और विदेशों में कई व्यवसायों को बर्बाद होते देखा हैं। जो कि अपने मूल्यों और आदर्शों के बल पर देश में ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर कारोबार जगत में अपने साथ भारत को भी गौरन्वित किया है।

अधिकारी
प्र.का. आरटीटीएस कक्ष

दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही हेतु बैंक के वित्तीय परिणाम

राशि करोड़ में

मानक	तृतीय तिमाही, वित्तीय वर्ष 2022–23	तृतीय तिमाही, वित्तीय वर्ष 2023–24	वार्षिक विकास–दर
परिचालन लाभ	344	277	(19.48)
शुद्ध लाभ	373	114	(69.44)
परिसंपत्ति पर प्राप्ति (आरओए) (%)	1.11	0.31	(80) बीपीएस
लाभांश (आरओई) (%)	26.09	6.23	(1986) बीपीएस
अग्रिम–उपज (वाईओए) (%)	8.12	8.91	79 बीपीएस
लागत–आय अनुपात (%)	63.47	74.84	1137 बीपीएस
गैर–ब्याज आय (करोड़ में)	138	362	162.32
ऋण–जमा अनुपात	71.00	70.60	(40) बीपीएस
स्लिपेज अनुपात	0.36	0.30	(6) बीपीएस
सकल गैर निष्पादित आस्ति (%)	8.36	5.70	(266) बीपीएस
निवल गैर निष्पादित आस्ति (%)	2.02	1.80	(22) बीपीएस
कुल वसूली एवं उन्नयन	596	948	59.06
ऋण लागत (%)	(0.38)	(0.40)	(2) बीपीएस
एनआईएम (%)	3.12	2.54	(58) बीपीएस
कासा जमा	36460	38785	6.38
कुल जमा	109497	118355	8.09
कुल ऋण	77745	83559	7.48
कुल व्यापार	187242	201914	7.84

दिनांकित 31-12-2023 तक

राशि करोड़ में

आंचलिक कार्यालय	कुल जमा (थोक जमा के अलावा)			सकल अग्रिम			कासा जमा (अतिदेय सावधि जमा के अलावा)		
	मार्च 2023	दिसंबर 2023		मार्च 2023	दिसंबर 2023		मार्च 2023	दिसंबर 2023	
		लक्ष्य	उपलब्धि		लक्ष्य	उपलब्धि		लक्ष्य	उपलब्धि
अमृतसर	5367	5667	5818	1946	2260	2030	2373	2490	2639
बरेली	1884	2025	2081	2080	2335	2271	1244	1325	1427
भटिंडा	1809	1981	2062	1545	1776	1605	880	943	1047
भोपाल	2346	2583	2333	1340	1546	1409	919	1018	990
चंडीगढ़	6686	7749	6955	2370	2741	2470	2863	3655	2944
चेन्नई	820	918	781	2889	3159	3591	311	335	306
देहरादून	2808	3173	2976	1266	1493	1369	1436	1586	1504
दिल्ली–I (सीबीबी के अलावा)	5434	5955	5681	2605	3011	2136	2040	2229	2215
सीबीबी दिल्ली	390	398	301	10164	10690	12369	163	167	89
दिल्ली–II	7318	7806	7535	1656	2037	1753	2794	3011	2828
फरीदकोट	3202	3474	3628	1754	1986	1915	1503	1641	1811
गांधीनगर	543	625	558	1122	1299	1153	186	213	207
गुरदासपुर	3524	3840	3927	1428	1618	1567	1638	1786	1869
गुरुग्राम	2276	2552	2366	1498	1783	1542	1075	1205	1119
गुवाहाटी	1479	1791	1428	407	490	467	888	1075	790
होशियारपुर	3512	3980	3776	969	1117	1012	1502	1781	1632
जयपुर	1781	2011	1860	2132	2488	2094	775	863	840
जालंधर	6156	6680	6524	1373	1602	1397	2503	2686	2679
कोलकाता	3433	3963	3614	3568	3975	4428	1443	1693	1511
लखनऊ	3924	4243	3896	2559	3148	2700	1872	2007	1866
लुधियाना	4279	4987	4491	2175	2455	2271	1915	2251	2105
मुंबई (सीबीबी के अलावा)	1973	2328	2003	1319	1383	1243	679	798	711
सीबीबी मुंबई	406	479	223	14019	14699	12959	298	356	169
नोएडा	3133	3484	3282	1215	1449	1296	1622	1747	1634
पंचकूला	3149	3580	3457	2165	2469	2113	1429	1615	1638
पटियाला	3667	4047	4056	2331	2589	2385	1432	1620	1640
विजयवाड़ा	1383	1685	1423	8898	9180	8241	549	697	572
कुल आंकड़े	**82682**	**92005**	**87040**	**80982**	**88695**	**83559**	**36444**	**40790**	**38785**

अंचल कार्यालयों का कार्य प्रदर्शन

राशि करोड़ में

आंचलिक कार्यालय	खुदरा ऋण			कृषि ऋण			सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम ऋण			गैर निष्पादित आस्तियाँ		
	मार्च 2023	दिसंबर 2023		मार्च 2023	दिसंबर 2023		मार्च 2023	दिसंबर 2023		मार्च 2023	दिसंबर 2023	
		लक्ष्य	उपलब्धि		लक्ष्य	उपलब्धि		लक्ष्य	उपलब्धि		लक्ष्य	उपलब्धि
अमृतसर	633	792	698	932	994	947	377	408	383	156	147	169
बरेली	312	389	333	1234	1331	1348	483	542	580	216	198	239
भटिंडा	318	402	349	1015	1085	999	209	231	244	64	61	62
भोपाल	397	493	415	191	202	191	725	803	782	90	85	91
चंडीगढ़	1069	1322	1167	456	487	458	692	760	697	160	151	156
चेन्नई	602	747	637	28	28	21	489	535	509	124	117	107
देहरादून	460	581	486	412	447	423	391	430	413	85	78	96
दिल्ली–I (सीबीबी के अलावा)	867	1073	961	33	45	91	887	985	1020	132	130	166
सीबीबी दिल्ली	55	63	37	12	12	17	332	341	320	53	44	11
दिल्ली–II	834	1027	905	75	83	86	638	702	661	57	53	62
फरीदकोट	318	401	362	1171	1261	1263	252	275	278	98	90	93
गांधीनगर	221	277	241	131	139	111	318	352	347	48	45	73
गुरदासपुर	353	445	391	698	744	759	332	369	373	151	136	150
गुरुग्राम	752	925	780	207	217	205	535	575	548	96	90	98
गुवाहाटी	197	244	223	21	23	21	185	199	220	21	20	22
होशियारपुर	232	289	263	564	597	572	168	182	172	65	58	66
जयपुर	622	778	659	847	898	778	662	719	652	112	103	150
जालंधर	473	589	526	370	386	354	442	479	425	94	86	100
कोलकाता	741	910	783	139	151	163	1007	1115	1098	306	283	334
लखनऊ	835	1019	854	280	301	277	1045	1154	1173	203	183	246
लुधियाना	451	563	485	639	673	634	677	743	728	186	171	199
मुंबई (सीबीबी के अलावा)	600	713	631	45	40	41	433	441	396	162	155	90
सीबीबी मुंबई	3	4	3	123	134	82	501	561	391	0.01	0.01	0.13
नोएडा	652	811	722	173	185	183	320	351	362	82	75	85
पंचकूला	583	727	621	823	875	791	488	531	428	138	129	150
पटियाला	477	603	551	1111	1178	1101	354	393	406	105	100	100
विजयवाड़ा	598	745	621	59	66	63	457	492	445	53	48	75
कुल आंकड़े	**13947**	**17451**	**15305**	**11788**	**12582**	**11979**	**14857**	**16252**	**15716**	**5648**	**5476**	**4759**

DESTINATION TRAINING

Tannu Duggal

Have you ever heard of destination training. Yah! you got it right. Recently I got opportunity to attend the leadership development programme by BIRD (Lucknow) at GOA. The training programme was designed in such a way to survive in today's volatile, uncertain, complex and ambiguous environment. The programme was sketched with the proliferation of collaborative problem solving platforms and digital adhocracies that mainly emphasizes on individual initiative, consequential designs that align with corporate strategy and culture to be equipped with relevant technical, relational and communication skills. The four day programme from 3 oct to 6 oct 2023 headed by DGM BIRD Lucknow was a perfect blend of professional and personal learnings. The venue of the training programme was at Hotel Colonia Santa Maria Bardez near Calangute Goa. The hotel is located at the beach with an entry to beach from hotel itself. The programme consists of 20 people from all financial institutions like Nabard, Sidbi, Sbi, pnb etc. Day 1 of the programme emphasizes on the wide range of skills including design thinking leadership, effective learner engagement and course assessment. Main objective of day 1 programme was to insist how visionary leadership gains in long term. After the session we were able to relax on the beach. The waves moving up and down gave us pleasure and peace of mind. Day 2 was a mental peace session, basically a soft skill training session. It accentuate how emotional intelligence, adaptability, creativity, influence communication and team work rules out to have a win - win situation in every professional and personal front . The session was followed by cultural night, events and programmes that boosts up our power skills keeping aside professional tension. The live music was followed by a DJ set into the night. Day 3 was on compliance training that are mandated

by laws, agencies or policies which include topics on sexual harassment and cyber security. Safety training that encompasses on employee safety, workplace safety, customer safety, digital and information safety. After the serious session it was followed by fun based activities on beach like kabaddi Kho- Kho etc along with situational games based on team work. The day was wind up with enjoying coconut water on the beach. At night we had our dinner by enjoying Singer night. Day 4, the final day of the training programme was on management and development which stresses on accountability, collaborative communication, engagement, listening and assessing learning events. Special assignments was in corporated in order to develop the knowledge and skills that are required to lead. After the final session there were special arrangements for water games boating, Jet skiing etc. The training was over with the dance party at the beach.

This programme was not just a development training programme but it has rejuvenated the professional as well as personal front. I would like to Thank our esteemed bank for providing me the opportunity to be party of the programme. It has facilitated a metamorphosis of the everyday into the eclectic and exquisite experience

Manager
Branch Sandhour, Patiala

Hon'ble Governor of Punjab and Administrator of UT Chandigarh Shri Banwari Lal Purohit, Municipal Corporation Commissioner Smt. Anindita Mitra (IAS), Field General Manager Shri Chaman Lal Sheinmar handed over the cheque of ₹ 40 lakh for accidental death claim to the nominee of deceased employee of Municipal Corporation Chandigarh.

LIVE IN PEACE....AND NOT IN PIECES

Aanchal Kharbanda

